दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 117 मुरादाबाद 23 August 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 'संगठन सरकार से बड़ा है!', कयासों के दौर के बीच केशव प्रसाद मौर्य के ट्वीट पर स्वतंत्र देव ने लगाई मुहर



लखनऊ- उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के ट्वीट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपनी मुहर लगा दी है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य का कहना बिल्कुल ठीक है। जलशक्ति मंत्री स्वंतत्र देव सिंह लखनऊ में सोमवार को किसानों को लेकर एक कार्यक्रम %सुनो किसान हम है% कि थीम पर किसानों से रूबरू हुए। कार्यक्रम के बाद में स्वंतत्र देव सिंह ने कहा कि केशव मौर्य का कहना बिल्कुल सही है। सरकार तथा संगठन हो काम तो एक ही करना होता है। दोनों का काम जनता का विकास करना है। सरकार तथा संगठन का काम प्रदेश का विकास करना होता है। इसी कारण डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का कहना बिल्कुल सही है। सरकार या संगठन हो दोनों का काम जनता का विकास करना है। आखिरकार दोनों का काम तो एक ही है, जनता का विकास करना प्रदेश का विकास करना और उसी पर लगातार भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है।उत्तर प्रदेश में किसानों के प्रदर्शन को लेकर स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शुरुआत से ही किसानों के हित के लिए काम कर रही है। हम तो किसान के हितैषी हैं, उनके उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज सुनो किसान हम है कि थीम पर किसानों से रूबरू हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जलवायु परिवर्तन के दौर में कृषि में सतत जल प्रबंधन कैसे हो किसानों के साथ इस पर विशेष चर्चा की।किसान नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में हो रहे किसान आंदोलन को लेकर स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि वह लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं क्या चाहते हैं मुझे नहीं मालूम लेकिन यूपी सरकार लगातार किसानों के हित के लिए काम कर रही है। 2022 विधानसभा चुनाव में चाहे अखिलेश यादव का बेल्ट हो या फिर वेस्टर्न यूपी हो हर जगह हम ने जीत का परचम लहराया है। ऐसे में यह कहना गलत है किसान सरकार से नाराज है हम किसान के हितैषी हैं और लगातार के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।गौरतलब है कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को ट्वीट कर लिखा था कि संगठन सरकार से बड़ा है।

## अखिलेश यादव पहुंचे आजमगढ़, बाहुबली रमाकांत यादव से जेल में मुलाकात

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भले ही उपचुनाव के दौरान आजमगढ़ नहीं पहुंचे लेकिन अब बाहुबली रमाकांत यादव से मिलने पहुंचे हैं। सपा से विधायक रमाकांत यादव इस समय जहरीली शराब कांड में जेल में बंद हैं। जेल में ही अखिलेश रमाकांत से मुलाकात की। अखिलेश यादव के आजमगढ़ आने और रमाकांत से मिलने को 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। करीब सवा दो बजे अखिलेश यादव इटौरा स्थित जेल के अंदर पहुंचे। करीब एक घंटे का समय मुलाकात के लिए मिला है। रमाकांत को बैरक से बाहर निकालकर हाल में मुलाकात हो रही है। अखिलेश के आगमन को देखते हुए शहर से लेकर इटौरा जेल तक जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई है। एसपी सिपी शैलेंद्र लाल स्वयं पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। इससे पहले अखिलेश 17 मई को सपा के पूर्व विधायक श्याम बहादुर यादव की मां के देहांत पर आजमगढ़ आए थे। एमएलसी चुनाव और फिर लोकसभा उपचुनाव में मिली शिकस्त के बाद ये अखिलेश का आजमगढ़ का पहला दौरा है। दो चुनावों में सपा को अपने ही गढ़ में हार मिलने के बाद अखिलेश के इस दौरे को सीधे तौर पर 2024 लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। अखिलेश आजमगढ़ से सांसद रहे हैं। यहां हुए लोकसभा उपचुनाव में वो प्रचार के लिए नहीं आए थे। जबकि उनके चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव सपा से प्रत्याशी थे। सपा को अपने ही गढ़ में हार का सामना करना पड़ा। ऐसा माना जा रहा है कि इस दौरे के जरिये अखिलेश फिर आजमगढ़ में सक्रिय होने जा रहे हैं। अखिलेश यादव को आजमगढ़ आने का कार्यक्रम 3 बार बदला है। पहले अखिलेश 20 अगस्त को आना था। अचानक कार्यक्रम में बदलाव हुआ और 21 अगस्त को आने का प्रोग्राम बना। फिर नए प्रोटोकॉल में 23 अगस्त को आना फाइनल हो गया। अब 22 को ही पहुंच गए।



## राहुल गांधी के लिए फिर माहौल बनाने लगे कांग्रेसी, गहलोत बोले- भावनाओं को समझें



कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव अगले एक महीने के दौरान होना है और अभी तक राहुल गांधी ने इस बारे में कोई सक्रियता नहीं दिखाई है। यही नहीं किसी और नेता ने भी अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के लिए अब दावेदारी नहीं जताई है। ऐसे में कांग्रेस के नए अध्यक्ष को लेकर पसोपेश बढ़ गई है। इस बीच कांग्रेस के एक वर्ग ने राहुल गांधी को ही फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने के लिए माहौल तैयार करना शुरू कर दिया है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि राहुल गांधी को देश भर के कांग्रेसियों की भावनाओं को समझना चाहिए और अध्यक्ष का पद स्वीकार कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी में एकतरफा राय राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के समर्थन में है। इसके साथ ही गहलोत से कहा कि अगर राहुल पार्टी के अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो इससे कांग्रेसी निराश होंगे।पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर जारी अटकलों के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनना चाहिए। उन्होंने कहा,%राहुल गांधी अध्यक्ष नहीं बनते हैं तो इससे देश में कांग्रेस में निराशा आएगी। कई लोग घर बैठ जाएंगे और हम लोगों को तकलीफ होगी। उनको ( राहुल गांधी ) पूरे देश के आम कांग्रेसजनों की भावना समझते हुए यह पद स्वीकार करना चाहिए। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की है एकतरफा मांग, करना चाहिए स्वीकार- गहलोत ने कहा कि पार्टी के भीतर भी एक राय राहुल गांधी को नया अध्यक्ष बनाने के पक्ष में है। उन्होंने कहा, %एकतरफा राय उनके अध्यक्ष बनने के समर्थन में है तो मैं समझता हूं कि उन्?हें इसे स्वीकार करना चाहिए।% उन्होंने कहा,% यह गांधी या गैर गांधी परिवार की बात नहीं है। यह तो संगठन का काम है कोई प्रधानमंत्री तो बन नहीं रहा।% इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आगे कहा, %बीते 32 साल में इस परिवार का कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री या मुख्यमंत्री नहीं बना तो फिर ( प्रधानमंत्री नरेंद्र ) मोदी जी इस परिवार से डरते क्यों हैं, ( दिल्?ली के मुख्?यमंत्री अरविंद ) केजरीवाल को कहना पड़ता है कि 75 साल में कुछ नहीं हुआ देश में। तो सब लोग कांग्रेस पर ही हमला क्यों करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी और देश का डीएनए एक है।

### भाजपा से लेकर केजरीवाल तक इसलिए करते हैं कांग्रेस पर अटैक

राजस्थान के सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने बीते 75 साल में देश में लोकतंत्र को जिंदा रखा है। उसकी बदौलत ही आज मोदी देश के प्रधानमंत्री व केजरीवाल दिल्?ली के मुख्?यमंत्री हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस कहीं जाने वाली नहीं है। इस प्रकार की बातें कर उन्होंने कहा कि लोगों को गुमराह किया है। 75 साल में देश में कुछ नहीं हुआ। 75 साल में कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को जिंदा रखा इसलिए इस देश में आज प्रधानमंत्री का नाम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री का नाम अरविंद केजरीवाल है। अगर लोकतंत्र नहीं होता तो ये प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कैसे बनते। यह देश को कांग्रेस की देन है।

### गहलोत बोले- मोदी के लिए आसान नहीं होगा 2024 का चुनाव

उन्होंने कहा, 2023 में होने वाला अगला चुनाव जीतेंगे फिर 2024 के चुनाव में मोदी के लिए आसान खेल नहीं है। लगता अभी उनको है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस प्रकार से उनकी खुद की घेराबंदी हो रही है और जिस प्रकार बिहार में नीतीश कुमार ने उनको झटका दिया है उसके बाद महंगाई व बेरोजगारी का मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में किए गए आंदोलन से मोदी सरकार हिल चुकी है और 2024 में कुछ भी परिणाम हो सकते हैं। गहलोत ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है और पार्टी इसको लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाए रखेगी।

# महिला के साथ अश्लील हरकतें करते कैमरे में कैद हुआ सिपाही, वीडियो वायरल होने पर निलंबित



उन्नाव में तैनात एक सिपाही (हेड कांस्टेबल) महिला के साथ अश्लील हरकतें करते कैमरे में कैद हो गया है। उसका यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस अधिकारी भी हरकत में आए और जांच पड़ताल कर आरोपित हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सिपाही के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया गया है। वीडियो वायरल होने से उन्नाव पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है। सोमवार दोपहर सोशल मीडिया पर नौ सेकेंड का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इसमें एक महिला के साथ बंद कमरे में हेड कांस्टेबल दीप सिंह अश्लील हरकतें करते नजर आ रहा है। ऐसा लगता है कि महिला ने ही पहले से मोबाइल या किसी कैमरे को रिकार्डिंग मोड में रख कर सिपाही की करतूतें रिकार्ड की हैं। वर्दी में ही अश्लीलता करते हेड कांस्टेबल का वीडियो अन्य अधिकारियों के साथ ही एसपी तक पहुंच गया। एसपी दिनेश त्रिपाठी ने तत्काल प्रभाव से हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो करीब दो साल पुराना है। उस समय हेड कांस्टेबल गंगाघाट कोतवाली में तैनात था। कुछ माह बाद ही उसका तबादला बांगरमऊ कोतवाली कर दिया गया था। इसके बाद यहीं पर वह अपनी नौकरी कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। अब विभागीय जांच के साथ ही पुलिस की टीम इस महिला की तलाश में भी जुट गई है।

# करंट के चपेट में आकर पति की मौत बेटी व पत्नी भी झुलसे



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद श्रावस्ती अंतर्गत सिरसिया थाना क्षेत्र के गांव खैरी बालेपुर निवासी पायकराम यादव (55) पुत्र पुर्इ यादव ने बिजली का कनेक्शन ले रखा था और केबिल आंगन से होकर घर के अंदर तक लगी हुई थी। पायक की पत्नी सुन्दरी देवी आए दिन केबिल पर कपड़े सूखने के लिए डालती थी।

रविवार सुबह हल्की बारिश हुई थी और केबिल भीगी हुई थी और उसमें करंट उतर आया था। बारिश बंद होने के बाद सुन्दरी गीले कपड़े केबिल पर सूखने के लिए डाल रही थी। इस दौरान वह करंट की चपेट में आकर केबिल से चिपक गई। इस पर मां को बचाने आई उसकी बेटी प्रमीना भी करंट की चपेट में आ गई। वहीं यह देख आगन में बैठे पायकराम भी मां बेटी को बचाने दौड़ पड़े। वह केबिल को पकड़कर झंकझोरा तो मां बेटी छूट कर जमीन पर गिर गई लेकिन वह खुद केबिल से चिपक गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की ओर से मां बेटी को गंभीर हालत में स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज हो रहा है।

# भिनगा से कानपुर हेतु नई बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - विधायक राम फेरन पाण्डेय ने उ0प्र0 परिवहन (आपका अपना साथी) नई बस के संचालन का हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए शुभारंम्भ किया। यह बस भिनगा बस अड्डा से प्रतिदिन 11.00 बजे से भिनगा वाया बहराइच वाया लखनऊ वाया कानपुर जाएगी इस अवसर पर विधायक ने कहा प्रदेश सरकार जन-जन के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन-कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जिसके अन्तर्गत आज भिनगा से कानपुर हेतु नई बस का संचालन किया गया है जिससे निश्चित ही लोगों को यातायात में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर ए0आर0एम0 बहराइच पंकज मिश्रा, अवधेश पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, विनय तिवारी, विपिन शुक्ला, राजन मिश्रा, मोनू सिंह उपस्थित रहे।

# करंट के चपेट में आकर पति की मौत बेटी व पत्नी भी झुलसे

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - थाना को0 भिनगा पुलिस द्वारा अभियुक्त राम सुंदर पुत्र कूने निवासी उल्हवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 20 ली0 नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0 भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 454/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया व थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अभियुक्त घिरियावन पुत्र छत्तर निवासी सिरसिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को 10 ली0 नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मुकदमा अपराध संख्या 260/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

# नवागत रेंजर के निर्देश पर लकड़ी चोरों व वन दरोगा पर हमला करने वालों पर कार्यवाही रिपोर्ट दर्ज



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- तेज तर्रार रेंजर रमाकांत सक्सेना ने खुटार रेंज का चार्ज लेते ही वन माफियाओं के प्रति अपने सख्त रवैये से रिपोर्ट दर्ज कराकर अवगत करा दिया है क्योंकि खुटार रेंज में वन माफिया खुलेआम पेड़ काट कर बेंच देते थे, वन कर्मी भी कार्यवाही करने से कतराते थे, वह शराब के नशे में चूर होकर क्षेत्र में गश्त करते ही नही थे, डीएफओ प्रखर गुप्ता ने खुटार रेंज में कीमती लकड़ी के पकड़े जाने पर रेंजर के स्थान पर सिंधौली रेंजर रमाकांत सक्सेना को चार्ज सौंप दिया है रेंजर ने चार्ज संभालते ही क्षेत्र में गश्त तेज कर दी,और सभी अधीनस्थों को पेड़ न कटने की हिदायत दे दी, खुटार वन दरोगा हीरा लाल ने खुटार थाने में कमल,राजा और अनुज के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है, हीरालाल फत्तेपुर बीट प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कमल, राजा, अनुज को आरक्षित वन क्षेत्र से साल के पेड़ को काटकर साइकिल पर चैला बनाकर ले जाते हुए पकड़ लिया, तीनो साइकिल छोड़ कर भाग निकले, वन दरोगा हीरा लाल ने बताया कि तीनों ने उन पर हमला कर साइकिल छुड़ाने के प्रयास किये, लेकिन सफल न हो सके। हीरालाल की तहरीर पर पुलिस ने धारा 379,411,352 और वन अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भारतीय मैथिल ब्राह्मण कल्याण महासभा के उदित शर्मा राष्ट्रीय महासचिव



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- भारतीय मैथिल ब्राह्मण कल्याण महासभा के संरक्षक सर्वेश कुमार शर्मा (नेताजी) एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर के खुटार कस्बा निवासी उदित नरायण प्रताप शर्मा को भारतीय मैथिल ब्राह्मण कल्याण महासभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया, उदित शर्मा के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किए जाने पर मैथिल ब्राह्मण सभा के सदस्यों ने बधाई दी और कहा सभी आशा करते हैं कि मैथिल ब्राह्मण समाज को नई दिशा नई ऊर्जा और ऊंचाई पर ले जाने में उदित शर्मा सहित संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारी संगठन और समाज को सहयोग प्रदान करेंगे।

# हर घर जल योजना के कार्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भाजयुमो नेता विजयशंकर अवस्थी ने किया शुभारंभ



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक मुख्यालय पर 2 दिन तक तकनीकी कार्मिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण प्रधानमंत्री मोदी की हर घर जल योजना के तहत तकनीकी कार्मिकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भाजयुमो जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी ने मां सरस्वती का पूजन कर शुभारंभ किया,

इस मौके पर भाजयुमो नेता विजय शंकर अवस्थी सोनू ने कहा कि सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से गांव के हर व्यक्ति को लाभ होगा, उन्होंने तकनीकी कार्मिकों से कहा कि प्रशिक्षण में जो उन्हें सिखाया जाए, वह उसे अच्छी तरह से सीख कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण में आए तकनीकी कार्मिकों को प्रशिक्षण किट भी वितरित की इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद वर्मा, बूथ अध्यक्ष मुनीश कुमार एवं नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मशाल जुलूस निकालने के दौरान सपाइयों ने की पुलिस से अभद्रता, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष समेत छह गिरफ्तार



मुरादाबाद- 2002 में गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई बिलकिस बानो के दोषियों की रिहाई व तीन साल की बच्ची समेत परिवार के सात लोगों की हत्या के विरोध में समाजवादी पार्टी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। रविवार देर शाम मुगलपुरा थाना क्षेत्र में सपा नेताओं ने एकत्र होकर मशाल जुलूस निकाला था। इस दौरान बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालने पर पुलिस ने पहुंचकर रोका था। पुलिस के रोकने पर सपा नेताओं ने पुलिस के साथ जमकर अभद्रता की। इस दौरान सीओ कोतवाली से निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शाने आलम शानू की जमकर नोकझोंक हुई थी। मुगलपुरा पुलिस ने फैजगंज चौकी प्रभारी की तहरीर पर तीन सपा नेताओं को नामजद करते हुए 40 के खिलाफ मुकदमा लिखने की कार्रवाई की है। साथ ही मुगलपुरा पुलिस ने सपा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू के साथ ही छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मेडिकल कराने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष शाने आलम शानू के नेतृत्व में रविवार को शाम करीब सात बजे मुगलपुरा के जीआइसी चौराहे पर मशाल लेकर सपा नेता औ कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। मशाल जुलूस को लेकर पुलिस से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। लोगों के एकत्र होने पर सीओ कोतवाली महेश चंद गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालने का विरोध किया। जिस पर निवर्तमान अध्यक्ष शाने आलम शानू और सीओ के बीच जमकर वाद-विवाद हुआ। सीओ ने काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन, पुलिस कर्मियों को धक्का देते हुए सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाला। पुलिस मशाल जुलूस को रोकने के लिए कई स्थानों में घेराबंदी की थी। लेकिन सपा नेता पुलिस बैरीकेडिंग को हटाकर मनमर्जी से मंडी चौक तक गए थे। इस मामले में मुगलपुरा पुलिस ने देर रात फैजगंज चौकी प्रभारी नितेश सहरावत की तहरीर पर निवर्तमान महानगर अध्यक्ष शाने आलम शानू, तालिब अंसारी,अतहर अंसारी को नामजद करते हुए 40 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखने की कार्रवाई की है। मुगलपुरा थाना प्रभारी नीरज धामा ने बताया कि धारा-144 का उल्लंघन करते हुए सपा नेताओं ने जुलूस निकाला। पुलिस के रोकने के बाद सामाजिक माहौल खराब करने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही देश की अखंडता को प्रभावित करने के उद्देश्य से जुलूस निकाला गया। इस मामले में सपा नेताओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपितों की शिनाख्त करने के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।



# जिलाधिकारी ने चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज पंचायत भवन सभागार मे उ0प्र0 योग ऐसोसिएशन जिला मुरादाबाद का चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया । जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। चैथी जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे 24 स्कूलो के लगभग 450 बच्चो ने प्रतिभाग किया है। जिनकी उम्र 05 से 18 वर्ष है। इसके बाद जो बच्चे इस प्रतियोगिता मे चयनित होगें, वह 28, 29 अगस्त 2022 को 40वीं0 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता डी0एल0एफ0 कॉलेज गाजियाबाद मे प्रतिभाग करेगें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आज पंचायत भवन सभागार मे यस वन्डर वोमैन क्लब द्वारा संचालित योग कार्यक्रम में कहा कि योग करे निरोग रहे। ज्यादा से ज्यादा बच्चो को योग के माध्यम से जागरूक करें , जो हमारे सर्वागीण विकास मे सहायक है। एसएसपी श्री हेमंत कुटियाल ने बताया कि स्वस्थ्य शरीर मे ही स्वस्थ्य मन निवास करता है। फिट रहे और हैल्दी रहे योग के 08 नियम है। यम, नियम, आसन, प्राणयाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान, समाधि इस पर बल दिया। बच्चो को अभिप्रेरित किया, और कहा कि संघ ऐसे आयोजन अधिक से अधिक कराये। इस कार्यक्रम मे जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, चेयरमेन, यू0पी0वाई0ए0 जिला मुरादाबाद प्रिया अग्रवाल, प्रेसीडेंट यू0पी0वाई0ए0 जिला मुरादाबाद विपिन जखमोला, स्कूल के बच्चो आदि ने प्रतिभाग किया।

# स्थायी लोक अदालत मे पेशकार पद हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद ने उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 29 जुलाई 2022 एवं मा0 जनपद न्यायधीश मुरादाबाद के आदेश के अनुक्रम मे अवगत कराया है कि जनपद मुरादाबाद मे स्थापित स्थायी लोक अदालत मे संविदा के आधार पर पेशकार के पद पर चयन के लिए ऐसे इच्छुक आवेदको जो कि दिवानी न्यायालय/कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत्त हो, से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। उन्होने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओ को पूर्ण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के कार्यालय मे दिनांक 16-9-2022 की सांय 05:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से तथा पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त करा सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जायेगा। पदो की संख्या 01 पदनाम पेशकार, मानदेय 9000रू0 प्रतिमाह मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर अधिकतम 02 वर्ष के लिए कार्य कराया जायेगा। योग्यता दिवानी/ कलेक्टेªट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा चयन का माध्यम साक्षात्कार ।

# रेल मंत्री के दौरे से बिजनौर को मिल सकती है रेल योजनाओं की सौगात

मुरादाबाद-केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के दौरे से बिजनौर में रेलवे को कई सौगात मिल सकती है। यहां रेल यार्ड रिमाडलिंग से लेकर गुड्स शेड को पीपीपी मोड पर संवारने के अलावा बिजनौर से हस्तिनापुर होकर मेरठ के लिए नई रेल कनेक्टीविटी के प्रस्ताव हैं। इसी क्रम में धामपुर से काशीपुर( उत्तराखंड ) को जोड़ने के लिए नई रेल लाइन बिछाने का दो साल पुराना प्रस्ताव भी दौरे के मद्देनजर उभरा है। मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा ने लोस क्षेत्रों को मजबूत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। रेल मंत्री कल से दो दिन के बिजनौर जिले के दौरे पर हैं। मंगलवार को वह दिल्ली सफदरगंज से स्पेशल ट्रेन से बिजनौर पहुंचेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात व बूथों पर जाने जैसे कार्यक्रम हैं। दौरे से बिजनौर में रेलवे के विकास की योजनाओं को बढ़ावा मिलने के आसार हैं। रेल मंडल में बिजनौर एक तरह से उपेक्षित है। मुरादाबाद से बिजनौर के लिए चंडीगढ़-इंटरसिटी व गजरौला नजीबाबाद पैसेंजर ट्रेन हैं। रेल मंडल प्रशासन ने माल कारोबार को बढ़ावा देने के लिए बिजनौर मालगोदाम का संवारने का प्रस्ताव बनाया। मंडल में बरेली कैंट व गढ़ मुक्तेश्वर की तरह बिजनौर मालगोदाम को पीपीपी मोड पर विकसित करने का प्रस्ताव पर अमल हो रहा है। रेल मंत्री बिजनौर में मालगोदाम का जायजा लेंगे। साथ ही यार्ड रिमाडलिंग के प्रस्ताव से बिजनौर की रेल कनेक्टविटी बेहतर होगी। बिजनौर में सिग्नल प्रणाली को अपडेट कर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग का भी प्रस्ताव है। रेल मंत्री के दौरे से धामपुर( नगीना लोस ) और बिजनौर क्षेत्र में नई रेललाइनों के प्रस्ताव उभरे हैं। इनमें बिजनौर-हस्तिनापुर होकर मेरठ को रेल मार्ग से जोड़ना और धामपुर से काशीपुर के बीच नई रेल लाइन। धामपुर-काशीपुर रेललाइन का प्रस्ताव दो साल पहले चर्चा में आया। पर इसके बाद कोरोना काल से प्रस्ताव ठंडे बस्ते में पड़ गया।

## सांसदों-विधायकों के आरओबी समेत कई प्रस्ताव

मुरादाबाद-दौरा बिजनौर व धामपुर( नगीना ) में होगा। पर सहारनपुर समेत तीनों तीनों सांसदों ने रेल कार्यो के प्रस्ताव रखे हैं। नगीना से बसपा सांसद ग्रीश चन्द्र ने स्योहारा ने स्टेशन की साइडिंग व विस्तार, नगीना में आरओबी, बढ़ापुर को बिजनौर से जोड़ने के अलावा नैनी, अकाल तख्त, रासी गंगा आदि ट्रेनों का ठहराव आदि की मांग की है। जबकि बिजनौर के सांसद मलूक नागर ने बिजनौर-नजीबाबाद के बीच गेट नंबर 59 पर आरओबी का प्रस्ताव दिया है। सहारनपुर के सांसद हफीजउर रहमान ने संगम एक्सप्रेस( 14164 ) से हाईकोर्ट जाने के लिए सहारनपुर से चलाने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलाव बिजनौर के तस्लीम अहमद,अशोक राणा ने भी प्रस्ताव रखे हैं। सिद्धबली पूर्णागिरी एक्सप्रेस में जनरल टिकट मान्य करने की मांग की है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Booster's concern

Various variants and vaccines of the corona pandemic have become a permanent part of our lives. Corona is constantly attacking by changing form, so vaccines also remain in discussions. Roughly looking at the figures, so far about 600 million people have got corona in the world, out of which 64.5 lakh people have left the world. In July, daily corona cases across the world had crossed one million and now more than eight lakh cases are coming every day. On August 19, 2,642 people have died due to corona in the world, which means overall the havoc of corona is more or less continuing. Talking about India, on an average more than 12 thousand cases are being reported every day and on August 19, the number of people who lost their lives was 36. The situation in America continues to be bad, there are still more than 36 lakh active cases, South Korea, Japan and Germany are also in bad condition. There are more than 44 thousand patients in the world, whose condition remains very serious due to corona. The fear of corona may have subsided, but the infection has not reduced enough to express any kind of happiness or success. Now a problem is also coming with the booster dose. Which vaccine should be taken as a booster dose? In which country which version of the pandemic is active, which booster dose will work best? It should be noted here that 491 crore people in the world, which means 62.9 percent of the people have been vaccinated. 2.37 billion people in the world have also received one or more booster doses. India was lagging behind in terms of booster doses, but adding the special progress made in the last one month, more than 130 million people in the country have been given booster doses. However, more than 30 percent of the population in India is still not vaccinated. Now those who are more conscious, they are coming forward and taking the vaccine or booster dose. The facility of taking the vaccine was not there now, so due to the hustle and bustle of common life among the people, there has been less awareness about the vaccine. There is also a doubt about the booster dose, there are different types of questions. Doctors are also not unanimous.“In a report published in Nature, an attempt has been made to understand which vaccine should now be taken as a booster dose. There are so many options for vaccines that people are compelled to think, which vaccine to take when? "These are difficult questions and there is no real right answer," says Katherine Edwards, a pediatrician and director of the Vanderbilt Vaccine Research Program at Vanderbilt University Medical Center in Tennessee. Other variants, rather than Omicron, are more active, causing the BA-1 outbreak. It's too much. The BA-4 and BA-5 variants are active in the US and Europe. A vaccine corresponding to these variants is expected in the next two months. Vaccine development continues at a rapid pace in developed countries. The debate continues in many countries, including India, whether to take a booster dose of the original vaccine, or wait a few months for the version with an Omicron-specific spike. Despite many options of guidelines, experts are still not saying anything concretely and want to leave the decision regarding booster dose to the people.


अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM


# Sonam Kapoor's son's first picture went viral, aunt Rhea Kapoor showed a glimpse of his nephew from the hospital

New Delhi, Jnn. Rhea Kapoor shares first photo of Sonam Kapoor baby boy from hospital: The entire Kapoor family is happy with the arrival of Sonam Kapoor's son. While Anil Kapoor and Sunita Kapoor have become maternal grandparents, the actress's sister Riya Kapoor has become aunt. Riya is very happy with the arrival of her nephew and she has also shared her happiness on social media. Riya has shared the first picture of the nephew from the hospital. Sonam Kapoor and her husband Anand Ahuja welcomed a son to their home on 20 August. The actress shared the good news of her becoming a mother with the fans by sharing a post. Now Sonam's sister Rhea Kapoor has shared the picture of the nephew. In the picture, the nurse is standing with the child and both Riya and her mother Sunita Kapoor are lovingly looking at the child. In this special moment, Riya also became emotional after seeing her nephew and tears came out of her eyes. However, while sharing the picture, he has covered the face of the child with an emoji. Sharing the post, Rhea wrote in the caption, "Riya maasi is not well. The cuteness is too much. This moment is not real. I love you Sonam Kapoor bravest mother and dearest father Anand Ahuja. Especially new grandmother Sunita Kapoor Sharing the good news of the birth of a son, Sonam Kapoor and Anand Ahuja had shared a note on Saturday, which read, "On 20.08.2022, we celebrated our beautiful baby boy. A heartfelt welcome. Thank you to all the doctors, nurses, friends and family who supported us in this journey. This is only the beginning but we know our lives have changed forever. - Sonam and Anand."



# Nothing will happen to any number of women in India' Urfi Javed raised questions on the system

Urfi Javed, who was in discussion about her clothes, had recently accused a person of blackmailing her. They filed a complaint against him two years ago but no action was taken. Recently, Urfi filed an FIR on him after which he was arrested. Now the person has got bail, after which Urfi is upset. Urfi has taken out anger on the entire system by writing a post. Urfi posted the photo of the man. This person is a casting director in Punjab Industry and his name is Obed Afridi. Urfi asked a question about the system- Urfi posted that she was feeling insecure after the person came out on bail. He said that in India such people can roam freely and nothing is ever done to them. She writes, 'This man is out on bail who threatened to kill me, cyber-raped me, he is out and I feel unsafe. I have lost faith in the system.'' 'No place is safe' - 'No place is safe for women. You can molest and blackmail as many women as you want in India and nothing will happen to you. If I am a public figure then I have to go through this. I can not even imagine what situations normal girls go through. . On the other hand, Obed Afridi denied the allegations against him. He had said that Urfi does not have a brain. There were issues between them for money during a project.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर संगठन विस्तार पर जोर दिया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - विकासखंड सकीट के गांव पुरसारी में अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसान मजदूरों एवं महिलाओं की पंचायत संपन्न हुई उक्त पंचायत से पहले किसान नेताओं एवं उपस्थित किसानों में सोंहार माईनर की खंदी के विरुद्ध दिनांक 10.08.2022को हुए आंदोलन के पश्चात सिंचाई विभाग के द्वारा खंदी को रोकने का कार्य किया गया है जिसका मौके पर निरीक्षण किया गया वर्तमान समय में खंदी की जमीन की मिट्टी पुनः नीचे धंस रही है जिस पर चिंता व्यक्त की गई उक्त पंचायत में सर्वसम्मति से तय किया गया के विभिन्न विभागों में किसान, मजदूर, नौजवानों के साथ लगातार अन्याय अत्याचार के साथ साथ बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसके विरोध में व्यापक रूप से युद्ध की तैयारी करने के लिए गांव गांव सेवानिवृत्त सैनिकों की अध्यक्षता में संगठन की कमेटियों का गठन किया जाएगा जिससे गांव के बीच में रहने वाले संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शतप्रतिशत ईमानदारी के साथ काम कर सकें एवं अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा गांव गांव मैं पाले गए दलालों की कड़ी को तोड़ते हुए साफ स्वच्छ छवि के ईमानदार लोगों को संगठन में सम्मान देते हुए भ्रष्टाचार अन्याय अत्याचार के विरुद्ध लड़ने के लिए एक प्रशिक्षित टीम गांव-गांव खड़ी की जाए और जनपद मुख्यालय से लेकर गांव स्तर तक फैले भ्रष्टाचार रूपी दानव का नाश किया जा सके तथा उपस्थित किसान नौजवानो से शराब आदि नशा से उचित दूरी बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया एवं संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से गांव गांव संगठन का सदस्यता अभियान चलाने की रणनीति बनाई गई उसी के तहत आज बड़ी संख्या में लोगों से संगठन की सदस्यता दिलाई गई अन्य किसान मजदूरों को भी संगठन के साथ जोड़ने के लिए सभी को प्रेरित करने के लिए भी निर्देश दिया गया उक्त बैठक के पश्चात सीलमपुरा, कंगरोल, मलावन आदि गांव का दौरा किया एवं संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप अहीर, जिला सचिव अशोक कुमार, जिला संरक्षक जदुबीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह, तहसील उपाध्यक्ष रामनिवास वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ताराचंद जाटव, डॉ बलबीर सिंह, अमर सिंह, यशपाल सिंह, उमेश चंद, बंटू, मोहर सिंह, अरविंद सिंह, रामोतार सिंह, डॉक्टर विकास यादव, सुनील कुमार, संतोष सिंह, विजेंदर सिंह, दीपिका, सीमा देवी, सुनीता देवी, रामप्यारी, सोमवती देवी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की घटना में वांछित चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार





निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - थाना बागवाला पुलिस को मिली सफलता, पांच दिन पूर्व थाना बागवाला क्षेत्रांतर्गत गांव कनिकपुर में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की घटना में वांछित चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के आदेशों के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बागवाला पुलिस द्वारा दिनांक 17.08.2022 को थाना बागवाला क्षेत्रांतर्गत गांव कनिकपुर में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की घटना के संबंध में थाना बागवाला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 156/2022 धारा 147, 148, 149, 302, 323, 504, 34 भादंवि में वांछित चल रहे अभियुक्त श्रीकृष्ण पुत्र रामप्रसाद व यतेंद्र पुत्र रमेशचंद्र निवासी ग्राम कनिकपुर थाना बागवाला एटा को आज दिनांक 22.08.2022 को प्रातः 06:35 बजे मुखबिर की सूचना पर गोला कुआं चौराहा थाना बागवाला एटा से गिरफ्तार कर अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# उफनती हुई नदी को दर्जनों स्कूली बच्चे तैर कर जाते हैं पढ़ाई करने

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- नदी में पुल नहीं होने पर ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं गांव का एक ऐसा वार्ड जो दो तरफ से नदी नालों से घिरा हुआ है ओड़गी-ब्लांक मुख्यालय का गांव आनंदपुर का वार्ड क्रमांक 9 व 10 दो तरफ़ से पहाड़ों से व दो तरफ़ नदी नालों से घिरा हुआ है। जहां वार्ड क्रमांक 9 व 10 में जाने के लिए बूढ़ी नदी आता है जिस नदी में अभी तक पुल का निर्माण शासन प्रशासन के द्वारा नहीं कराया गया है के । नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों , विधार्थियों सहित वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल नहीं होने से यहां से ग्रामीण पैदल व वाहनों को कंधों पर ढोकर ही नदी पार कर रहे हैं। जिसके कारण हादसे होने का डर बना रहता है। इस समस्या को लेकर वार्डवासियों ने कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की लेकिन अब तक नदी पर पुल का निर्माण नहीं किया गया। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

### चुनाव के समय वार्ड में आते हैं राजनैतिक दलों के नेता

ग्राम पंचायत आनंदपुर के उपसरपंच सुमेरसाय व वार्डवासियों का कहना है कि चुनाव के समय वार्ड में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आते हैं और बोलते हैं इस बार हमें जीता दो नदी में पुल बनवा देंगे परन्तु नेता चुनाव जीतने के बाद अपना वादा भूल जाते हैं।

# छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा के किया रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा ने प्रति जागरूक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - श्री मती सिंगारी वाई वालिका इण्टर कालिज वालूगंज थाना रकाबगंज आगरा की छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा आगरा। आज दिनांक 22.08.22 को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने श्री मती सिंगारी वाई वालिका इण्टर कालिज वालूगंज थाना रकाबगंज आगरा की छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई । तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो मे आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई । तथा एल पी जी गैस सिलेंडर पर खाना व चाय वनाते समय आग लगने पर आग वुझाने की व वुझातै समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने छात्राओ को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम यादव व स्टाफ श्रीमती सुषमा यादव, सरिता, वविता पाण्डे, दिव्या कुलश्रेष्ठ, आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

# आज होगा उत्तर प्रदेश की तहसीलों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन होगा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - उत्तर प्रदेश की तहसीलों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन होगा एटा।कल दिनांक 23.08.2022 को अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले उत्तर प्रदेश की सभी तहसीलों पर किसान, नौजवान, मजदूरों के द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन किया जाएगा उक्त प्रदर्शन में ज्ञापन के माध्यम से धारा 24 के अंतर्गत लंबित पैमाइश, मृतक किसान के बारिसानों के नाम दर्ज कराना, बैनामा की गई जमीनों के अमलदरामत कराना, फर्द खसरा, हिस्सा प्रमाण पत्र, केसीसी आदि के लिए जमीनों का बंधक कराना एवं कर्जा मुक्त हो चुके किसानों की जमीन को बंधक मुक्त कराने आदि के नाम पर तहसील के कर्मचारियों के द्वारा लूट की जा रही है इसलिए कल प्रातः 10:00 बजे से उत्तर प्रदेश की प्रत्येक तहसील में संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता बैठक करेंगे उपस्थित सभी किसान नौजवानों के प्रार्थना पत्र 10:00 से लेकर 10:30 के बीच में संगठन के पदाधिकारी पीड़ित किसानों की जन समस्याओं को प्राप्त करेंगे 10:30 बजे से 11:00 बजे के बीच सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए ज्ञापन तैयार किया जाएगा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के विचार व्यक्त होने के बाद 02:00 बजे ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी अपनी ग्रह तहसील एटा सदर में स्वयं रहेंगे तथा अन्य सभी पदाधिकारी/ कार्यकर्ता अपने-अपने जनपदों की अपनी-अपनी तहसीलों में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल होकर किसान मजदूरों की आवाज को बुलंद करेंगे उक्त प्रदर्शन के माध्यम से निकृष्ट, भ्रष्ट अधिकारियों / कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने का प्रयास करेंगे उक्त प्रदर्शनों में सभी किसान, मजदूर, नौजवान समय से सादर आमंत्रित हैं।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में 01 आरोपी गिरफ्तार, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- बीते 16.07.22 के रात्रि में मोबाईल फोन से शक्तिनगर जरही निवासी संजीव चौधरी के घर में आग लगने की सूचना पर भटगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से संजीव चौधरी की पत्नी बसंती चौधरी उम्र 32 वर्ष बेटा अनमोल उम्र 10 वर्ष एवं हिमान्चल उम्र 6 वर्ष को जले अवस्था में कमरा से निकालकर ईलाज हेतु एसईसीएल अस्पताल भटगांव लाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टर के द्वारा तीनों को बेहतर उपचार हेतु अम्बिकापुर रेफर करने पर जीवन ज्योति हास्पिटल में भर्ती कराया गया। ईलाज के दौरान बसंती चौधरी का दिनांक 16.07.22 एवं दोनो पुत्रों का दिनांक 17.07.22 को मृत्यु हो गया। थाना अम्बिकापुर से तीनों मृतकों का मर्ग डायरी प्राप्त होने पर थाना भटगांव पुलिस ने जांच प्रारंभ किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी भटगांव को बारीकी से मर्ग जांच करने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस ने सभी बिन्दुओं पर जांच किया गया। मृतिका बसंती के पति संजीव चौधरी द्वारा मोबाईल से अन्य किसी महिला से बात करने से मृतिका द्वारा शंका जाहिर कर पति को बात करने से मना करती थी किन्तु पत्नी के बात न मानते हुए संजीव अन्य महिला से बात करता था और झगड़ा विवाद कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से त्रस्त होकर बसंती अपने दोनों बच्चों के साथ अपने घर में ज्वलनशील पदार्थ से आग लगाकर आत्महत्या करना पाया गया। जांच पर आरोपी संजीव चौधरी के विरूद्ध थाना भटगांव में धारा 306 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले में एसईसीएल शिवानी खदान भटगांव क्षेत्र के मायनिंग सरदार के पद पर कार्यरत् आरोपी संजीव चौधरी पिता बिरंजी प्रसाद चौधरी उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, एसआई बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक रजनीश पटेल, प्रहलाद पैंकरा व शैलेश राजवाड़े सक्रिय रहे।

# सूरजपुर पुलिस ने गुम हुए 70 मोबाईल बरामद कर संबंधित को सौंपे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सूरजपुर- जिले से गुम हुए मोबाइलों को खोजने के लिए सूरजपुर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार 22 अगस्त 2022 को बरामद हुए 70 मोबाइलों को संबंधित व्यक्तियों को सौंपे गए। यह मोबाइल सर्विलांस में लगाकर ट्रेस किए गए थे। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में गुम हुए मोबाइल को खोजने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें साइबर सेल को आवश्यक निर्देश दिए गए कि जो मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए उनका तुरंत ही निराकरण किया जाए। जिस पर सर्विलांस में लगाकर गुम मोबाईल को ट्रेस किए गए। मोबाइल बरामद होने पर आवेदकों को उनके मोबाईल सुपुर्द किए गए। करीब 10 लाख रुपए की कीमत के 70 मोबाइल सुपुर्द किए- जिनमें आवेदक प्रकाश यादव, नेहा मिंज, कृष्णा राजवाड़े, रनमेत सिंह, अर्जुन सिंह, संजय पाल, देवसरन राजवाड़े, अजीत गुप्ता, धर्मजीत सिंह, काजल, इंद्रावती सिरदार, सुरेन्द्र सिंह, चंद्रिका प्रसाद राजवाड़े, आजाद, विजय, मनोज, हृदय, प्रीति साहू, रूपेश सिंह, सुरेश हलदर, जय प्रकाश विश्वकर्मा को उनके गुम हुए मोबाईल दी गई। इसके अलावा 49 अन्य लोग जो जिले के विभिन्न क्षेत्र के निवासी है उन्हें संबंधित थाना-चौकी के माध्यम से मोबाईल को सौंपा जाएगा। मोबाइल खोजने में साइबर सेल प्रभारी नीलाम्बर मिश्रा, आरक्षक युवराज सिंह, रौशन सिंह, विनोद सारथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की है। इस दौरान एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, स्टेनो अखिलेश सिंह मौजूद रहे। लगातार जारी रहेगा अभियान-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने बताया कि जिले की पुलिस के द्वारा गुम हुए मोबाईल खोजने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि गुम मोबाईल खोजबीन के लिए सूरजपुर पुलिस के ब्लाग में मिसिंग मोबाईल फोन की सूचना देने हेतु सुविधा मौजूद है इसके अलावे लिंक https://forms.gle/hYeRzTfNftxyqTetl पर भी क्लीक कर गुम हुए मोबाईल के बारे में सूचना हम तक पहुंचाई जा सकती है। गुम हुए मोबाईल की ऑनलाईन माध्यम से सूचना प्राप्त होने के फौरन बाद बरामद की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जायेगी और गुम मोबाईल रिकव्हर होने पर मोबाईल जिसका है उसे वापस किया जायेगा।

- करीब 10 लाख रूपए कीमत के 70 मोबाईल सुपुर्द किए
- लगातार जारी रहेगा अभियान- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की समीक्षा बैठक सूरजपुर के पुराना रेस्ट हाउस में सम्पन्न




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की समीक्षा बैठक सूरजपुर के पुराना रेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में संघ के आगामी कार्ययोजना पर चर्चा के साथ साथ बीते 2 वर्षो के कार्यो की समीक्षा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा की गई। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद, प्रदेश सचिव अब्दुल कयूम, प्रदेश सहसचिव कविराज विश्वकर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष उग्रसेन पाल के द्वारा संगठन के कर्मठ पत्रकारों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। संगठन के कार्यों से प्रभावित होकर आज 11 नए पत्रकारों ने संगठन का दामन थामा, जिन्हें भी पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कार्यकारिणी पदाधिकारियों से नए सदस्यों का परिचय कराते हुए पत्रकारों की समस्याओं को प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखा। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सदैव संगठन आगे रहता है प्रदेश में कहीं भी किसी पत्रकार साथी को सच लिखने के कारण उस पर अनैतिक दबाव बनाया जाता है तब संगठन ने उसका साथ दिया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुमंत साहू ने किया एवं आभार प्रकट जिला उपाध्यक्ष राकेश पाठक के द्वारा किया गया। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राजू खान, नरेश कुमार, मिथलेश जायसवाल, प्रदीप भास्कर, शैलेन्द्र पटेल, आसकरण गुप्ता, विवेक प्रताप सिंह, सुरेंद्र साहू, जयप्रकाश साहू, संदीप पाल, दीक्षित वर्मा, भूपेन्द्र राजवाड़े, राहुल जायसवाल, लालचंद शर्मा, मिथलेश ठाकुर, कमलजीत सिंह, सत्यम सोनी, महावीर राजवाड़े, मुकेश कुमार राजवाड़े, दीपेश कुशवाहा उपस्थित थे।

# आक्रोशित कर्मचारी अधिकारियों ने किया अनिश्चित■ कालीन आंदोलन का आगाज




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर जिले के कर्मचारी अधिकारी अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन कलम बंद काम बंद हड़ताल पर प्रारम्भ कर दिए । जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि हमने पहले चरणबद्ध आंदोलन कर सरकार तक अपनी बातें पहुँचाई हैं। पूर्व में 25 जुलाई से 29 जुलाई तक समस्त कार्यालय,स्कूल बंद कर वृहद निश्चित कालीन कर पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक रैली भी निकाली गई लेकिन सरकार हमारी मांगों को लगातार अनदेखी कर रही है। जिससे हम अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने को विवश हो गए हैं। अभी कुछ दिन पहले सरकार द्वारा 6: मंहगाई भत्ता वो भी देय तिथि से न होकर अगस्त 2022 से दिया जा रहा है जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारी अधिकारी आक्रोशित है।जिले के समस्त विकासखण्डों में ब्लॉक संयोजकों के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरुआत हो चुकी है जो मांगे पूरी होने तक जारी रहेगी।हमारे इस अनिश्चितकालीन आंदोलन में छ.ग.न्यायालयीन संघ व छ.ग.कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ सहित अन्य संघों का साथ मिलने से इस आंदोलन को बल मिला है। आज के आंदोलन में फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी सहित हजारों साथी शामिल रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com